# भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीय ज्ञान परंपरा मुखिरत थी : बीपी सिंह

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** सिक्किम के पूर्व राज्यपाल और प्रख्यात लेखक बीपी सिंह ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के वैचारिक आधार को रेखांकित करते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीय ज्ञान परंपरा मुखिरत थी। उन्होंने यह बात शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर साहित्य अकादमी की ओर से आयोजित पैनल चर्चा में कही। 'स्वतंत्रता संविधान और साहित्य' विषयक इस चर्चा में वक्ताओं ने अपने विचार वेबिनार के माध्यम से अपने अपने विचार रखे।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रख्यात लेखक एवं पत्रकार बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि भारत का इतिहास गुलामी का इतिहास नहीं बल्कि सतत संघर्षों का इतिहास है उन्होंने कहा कि भारत की कोटि कोटि जनता ने स्वतंत्रता को अपना सर्वोच्च आदर्श माना था इसीलिए वे इसे प्राप्त करने के लिए बलि वेदी पर चढ़ जाने से भी नहीं चूके।